
## खबर संक्षेप

### गायत्री शक्तिपीठ कलश यात्रा आज



**मण्डला।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वाधान में स्थानीय कुंभ स्थल महिष्मति घाट में विराट 108 कुंडीय राष्ट्र शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ का आयोजन आज से किया जा रहा है जो कि 20 नवम्बर तक चलेगा। युगऋषि वेदमूर्ति तपोनिष्ठ पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के संकल्प मानव में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग का अवतरण को साकार करने के उद्देश्य से गायत्री परिवार की संस्थापिका माता भगवती देवी शर्मा के सूक्ष्म संरक्षण में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारियां पूर्ण की जा चुकी है। आज 17 नवम्बर दोपहर 12:00 बजे भव्य मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी। जो कि गायत्री शक्तिपीठ जिला पंचायत के पीछे से आयोजित होगी। कलश यात्रा नगर भ्रमण करते हुए कुम्भ स्थल पहुंचेगी जहां सायं 5:00 से 7:00 बजे तक आद्यशक्ति युगशक्ति माँ गायत्री किया जाएगा। धर्मप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की गई है।

### पीएम श्री विद्यालय महाराजपुर में बाल मेले का आयोजन



**मण्डला।** पीएमश्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महाराजपुर, मंडला बाल मेले का आयोजन किया गया, इसमें विद्यार्थियों ने लगभग 40 स्टाल लगाए।शाला के सभी प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विभाग ने बढ़ चढकर हिस्सा लिया। मेले का उद्घाटन प्राचार्या विभा मिश्रा ने नन्हे मुन्ने बच्चों के हाथ से फीता कटवा कर एवं चाचा नेहरू को याद करके किया, समस्त शिक्षकों ने सभी बच्चों का तिलक लगाकर अभिनंदन किया, मेले को सफल बनाने में संस्था के समस्त शिक्षकों का योगदान एवं मार्गदर्शन रहा।सभी विद्यार्थियों को स्मृति स्वरूप उपहार दिए गए बाल मेला का उद्देश्य बच्चों का सर्वांगीण विकास जैसे मनोरंजन व शैक्षिक कार्यक्रम, आत्मविश्वास, रचनात्मक, प्रतिभा को प्रोत्साहन, सामाजिक व टीम वर्क कौशल का विकास, स्थानीय संस्कृति व परंपराओं को परिचित कराना, सुंदरता, स्वास्थ्य व स्वच्छता के प्रति जागरूक, बेहतर संवाद को समझने में मदद करता है।

### कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने किया मंडला गौरव मण्डपम का शुभारंभ

# गौरव दिवस पर संगीत और स्वाद

*** नगरवासियों ने लिया विभिन्न कार्यक्रमों का आनंद।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला






भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर जनजातीय गौरव दिवस और मंडला गौरव दिवस के उपलक्ष्य में 15 नवंबर को महात्मा गांधी स्टेडियम मार्ग पर मंडला गौरव मण्डपम का भव्य शुभारंभ मध्यप्रदेश सरकार की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके द्वारा किया गया।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम, नगर पालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री अखिलेश कछवाहा, कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा, एसडीएम मण्डला श्रीमती सोनल सिडाम, श्रीमती मधुअली, एपीसी मुकेश पांडे सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

मंडला गौरव मण्डपम के लिए महात्मा गांधी स्टेडियम मार्ग को अत्यंत आकर्षक ढंग से सजाया गया था। शानदार लाइटिंग और संगीत ने पूरे वातावरण को अद्भुत रूप दिया। इस दौरान खाना खजाना, तीरंदाजी प्रदर्शन, मैजिक शो और फन गेम्स की श्रृंखला आयोजित की गई, जिसका नगरवासियों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर भरपूर आनंद लिया।

मंत्री श्रीमती उइके, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम, नगर पालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा और कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा सहित अन्य अतिथियों ने स्टॉलों का भ्रमण किया, प्रतिभागियों से बातचीत की और व्यंजनों का लुत्फ उठाया।

#### सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा शमां

महात्मा गांधी स्टेडियम पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का मन मोह लिया। आर्केस्ट्रा में द अनप्लग्ड बैंड ने संगीतमय प्रस्तुति दी। जादूगर फारूक ने अपने मैजिक शो से सभी को आश्चर्यचकित किया। इसके अलावा नाट्य मंचन भी प्रस्तुत किया गया। इन मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थितजनों का खूब मनोरंजन किया और खूब तालियाँ बटोरी।

#### गोंड जनजाति की सांस्कृतिक, शौर्य परक, आध्यात्मिक निरंतर को दिखाती प्रस्तुतियां

भारत की संस्कृति को समझने और उसकी जड़ों की अनुभूति के लिए मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से गोंड साम्राज्य के 52 गढ़ों में से पहले चरण में 30 गढ़ों में प्रस्तुतियों का तीन दिवसीय समारोह जननायक आयोजित किया जा रहा है। यह आयोजन महात्मा गांधी स्टेडियम के सामने निषादराज भवन में शाम 6:30 बजे से किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत 14 नवंबर को स्वतंत्र्य समर की राजा पेमलशाह एवं 15 नवंबर को राजा हीराखान सिंह नृत्य नाट्य की प्रस्तुति दी गई। विभाग की ओर से प्रस्तुतियों का निर्देशन एवं पुनर्संयोजन श्री रामचंद्र सिंह, श्री नवीन सिंह श्याम, श्री आशीष पटेल द्वारा कराया गया है।

नायकों राजा पेमल शाह, हीराखान सिंह से जुड़े इन आख्यानों की यह खूबसूरती है कि इनमें जहां जातीय शौर्य के उदाहरण हैं वही तंत्र-मंत्र और संबंधों की रक्षा के लिए अपने जीवन का उत्सर्ग भी है। यह सिर्फ कहानियां भर नहीं है। ऐसे सभी जातीय आख्यान गोंड समुदाय की सांस्कृतिक समझ और उसके पौराणिक चरित्र से हमें परिचित कराते हैं। जननायक समारोह का यह स्वरूप तीन नृत्य-नाटक प्रस्तुतियों से बुना गया है, जिनमें दो प्रस्तुतियां आख्यान परक है एवं एक प्रस्तुति ऐतिहासिक तथ्यों पर आधारित है। इन प्रस्तुतियों को इस तरह से परिकल्पित करने के पीछे गोंड जनजातीय की सांस्कृतिक, शौर्य परक, आध्यात्मिक निरंतर को भी इन प्रस्तुतियों में बताना लक्षित किया गया है।





### मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद द्वारा भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती मनाई गई



**भुआबिछिया।** विकासखण्ड मवई जिला मंडला में कल दिनांक 16/11/2025 रविवार को शासकीय महाविद्यालय मवई में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम अंतर्गत bsw/msw की कक्षा संचालन के दौरान भगवान बिरसा मुंडा जी की 150 वीं जयंती कार्यक्रम के अंतर्गत उनके जीवन परिचय से अवगत कराते हुए विकासखण्ड समन्वयक सुनील कुमार साहू द्वारा जीवनी पर विस्तृत रूप से जानकारी दी गई कार्यक्रम में पूर्व सरपंच आरती मार्को द्वारा तथा सभी छात्रों द्वारा भी बिरसा मुंडा जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए अपने विचार रखे पंकज चौरसिया, तारेंद्र झरिया,अशोक साहू नवांकुर संस्था प्रमुख सोमकली धुर्वे, स्वाति सोनी द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किये गए। छात्रों की एलीजिबिटी की गई तथा प्रायोगिक ग्रामो का भी आवंटन किया गया।

### एसडीएम नैनपुर ने किया गणना पत्रक वितरण कार्य का निरीक्षण

**मण्डला।** एसडीएम नैनपुर आशुतोष सिंह ठाकुर ने रविवार को नैनपुर क्षेत्र के ग्राम चरी, पिण्डरई और रैवाड़ा का दौरा किया। यहाँ उन्होंने बीएलओ द्वारा किये जा रहे घर-घर संपर्क कार्य का जायजा लिया। एसडीएम श्री ठाकुर ने गणना पत्रक वितरण और गणना पत्रक संकलन के विषय में बीएलओ से चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान संबंधित पटवारी, बीएलओ तथा कोटवार मौजूद रहे।

## गीता पाठ, कन्या भोजन, सुंदरकांड पाठ, भंडारे के साथ भागवत कथा का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



ग्राम पंचायत कटरा स्थित सुभद्रा नगर में चल रहे श्रीमद्भागवत अमृत ज्ञान कथा महोत्सव का रविवार का दिन भक्ति, सेवा और अध्यात्म का अद्भुत संगम बन गया। सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा परिसर मंत्रोच्चार, भजन और पवित्र शास्त्रों के पाठ से गूंजता रहा।

दिन की शुरुआत गीता पाठ से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने सहभागिता की। गीता के श्लोकों का सामूहिक उच्चारण ऐसा भावपूर्ण वातावरण निर्मित कर रहा था कि मानो संपूर्ण परिसर आध्यात्मिक ऊर्जा से स्पंदित हो उठा हो। युवा, महिलाएँ और वरिष्ठ भक्त गीता के उपदेशों को सुनकर स्वयं को धन्य अनुभव करते दिखाई दिए।

कथा के उपरांत आयोजित कन्या भोजन और ब्राह्मण भोज ने धार्मिक और पारंपरिक महत्व को और गहरा कर दिया। कन्याओं को विधिवत पूजन, तिलक और मंगलगीतों के साथ आदरपूर्वक भोजन कराया गया। वहीं ब्राह्मण भोज में जिलेभर से आए विद्वान आचार्यों का विशेष सत्कार किया गया। चरण-पूजन, तिलक और वैदिक सम्मान के साथ ब्राह्मणों को भोजन परोसा गया, जिससे वातावरण में अद्वितीय आध्यात्मिक गरिमा की अनुभूति हुई।

इसके साथ ही विशाल भंडारा आयोजित किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

मंडला की प्रसिद्ध सुंदरकांड मंडली द्वारा संगीतमय सुंदरकांड का विशेष पाठ किया गया। मनोहर धुनों और हार्मोनियम-डोलक की ताल पर गाए गए भक्तिगान ने पूरा परिसर रामभक्ति से सराबोर कर दिया। मंडली के गायन पर भक्त झूमते रहे और "जय श्रीराम" के जयकारों से वातावरण गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने सुंदरकांड पाठ की दिव्यता को आत्मसात करते हुए भरपूर सहयोग प्रदान किया। आरती और भजन संध्या में भक्तों की सहभागिता अभूतपूर्व रही।

सुभद्रा नगर में आज का यह दिव्य आयोजन न केवल धार्मिक उल्लास से परिपूर्ण रहा, बल्कि गीता के उपदेश, सेवा भावना, कन्या व ब्राह्मण सम्मान और सुंदरकांड की भक्ति-मय ध्वनियों ने इसे अविस्मरणीय बना दिया। श्रद्धालुओं ने इसे अपने जीवन का आध्यात्मिक रूप से समृद्ध करने वाला अनोखा अनुभव बताया।

## रेवा पथ 2.0: मरम्मत के बाद आमजन के लिए पुनः समर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला




जनजातीय गौरव दिवस एवं मंडला गौरव दिवस के मौके पर रेवा पथ 2.0 आमजन को समर्पित किया गया। मध्यप्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उईके ने इसे शनिवार को लोकार्पित किया। मंत्री श्रीमती उइके ने इस मौके पर कहा कि मानसून के दौरान माँ नर्मदा में आई बाढ़ के बाद रेवा पथ को नुकसान हुआ था। मरम्मत के बाद इसे आमजन के लिए प्रारंभ किया गया है। सुबह-शाम सैर करने वाले लोगों तथा श्रृद्धालुओं को अब आसानी होगी। आगामी 17 नवंबर से कुम्भ स्थल पर धार्मिक आयोजन भी होने हैं, ऐसे समय में रेवा पथ लोगों के लिए अत्यंत उपयोगी होगा। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्री संजय कुशराम, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री अखिलेश कछवाहा, कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।


**प्रभार की लड़ाई** | **कन्या शिक्षा परिसर छात्रावास–2 में अधीक्षिका का प्रभार दिलवाने हाईकोर्ट का आदेश।**

# शिक्षा व्यवस्था में न्यायालय को करना पड़ रहा हस्ताक्षेप

*** प्राचार्य एवं सहायक आयुक्त को सौंपा आवेदन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



शासकीय कन्या शिक्षा परिसर मंडला में अधीक्षक पद को लेकर जारी विवाद अब हाईकोर्ट के आदेश के बाद समाप्ति की ओर है। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा 12 नवम्बर 2025 को पारित फैसले के अनुसार श्रीमती सिंधिया चौकसे को छात्रावास क्रमांक-2 का अधीक्षक प्रभार सौंपने के निर्देश दिए गए हैं। इसके पालन में उन्होंने संस्था के प्राचार्य को अपना औपचारिक आवेदन प्रस्तुत कर दिया है।

ज्ञात हो कि संभागीय उपायुक्त जबलपुर द्वारा 20 दिसंबर 2024 को जारी आदेश के आधार पर श्रीमती सिंधिया चौकसे को अधीक्षक पद पर नियुक्त किया गया था, किंतु श्रीमती प्रतिभा मरावी द्वारा दायर याचिका WP-41758/2024 पर अंतरिम स्थगन आदेश (स्टे) लागू हो गया था। अदालत में दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि श्रीमती प्रतिभा मरावी आगामी 15 दिनों के भीतर अपनी पसंद की किसी अन्य संस्था में शिक्षकीय कार्य हेतु स्थानांतरित हों।

निर्णय में यह भी उल्लेख किया गया है कि इस अवधि में श्रीमती प्रतिभा मरावी केवल शैक्षणिक कार्य करेंगी और छात्रावास प्रबंधन संबंधी कोई दायित्व नहीं निभाएंगी। वहीं, न्यायालय ने श्रीमती सिंधिया चौकसे को अधीक्षक के रूप में कार्यभार ग्रहण करने की अनुमति देते हुए प्रबंधन को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा है।

हाईकोर्ट के निर्णय के बाद सिंधिया चौकसे ने प्राचार्य को आवेदन सौंपते हुए कहा कि वे न्यायालय के आदेश के अनुसार अपने दायित्व निभाने के लिए प्रस्तुत हैं तथा छात्रावास में अनुशासन, सुरक्षा और छात्राओं की सभी सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाएगी।


अब प्रबंधन की ओर से आवश्यक प्रशासनिक प्रक्रिया पूरी होते ही छात्रावास क्रमांक-2 में नए अधीक्षक के रूप में सिंधिया चौकसे आधिकारिक रूप से कार्यभार संभालेंगी।

## सतगुरु बाबा ईश्वरशाह के स्वर्ण प्राकट्य पर पूरे देश में होगा वृक्षारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

हरे माधव परमार्थ सत्संग समिति कटनी शाखा मंडला के सदस्यों ने जानकारी दी कि जीवन मुक्त पूरण सतगुरु बाबा ईश्वरशाह जी के स्वर्ण प्राकट्य दिवस 18 नवंबर पर हरे माधव दरबार माधव नगर कटनी में आध्यात्मिक संगम मेला उत्सव का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास प्रेमा भक्ति श्रद्धा भाव से मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में आने वाली सभी संगतों को सदगुरू जी की अपार कृपा महर पाने का अवसर प्राप्त होगा। सदगुरू जी की दिव्य दृष्टि सभी संगतों को निहाल करेगी। एल ई डी के माध्यम से सदगुरू साहिबान जी की दिव्य लीलाओं का श्रीदर्शन बाल गोपालों की मन भावन सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं सदगुरू साहिबान जी के भजन मुख से अमृत वर्षा भी सभी संगतों को प्राप्त होगी।

पूरे भारत वर्ष मे जीवन मुक्त



पूरण सतगुरु बाबा ईश्वर शाह जी के लाखों की संख्या में शिष्य एवं अनुयायी है जो कि अपने संबंधित शहर में हरे माधव परमार्थ सत्संग समिति से जुड़े रहते हैं।

इस वर्ष सदगुरू साहिबान जी का 50 वाँ प्राकट्य दिवस अर्थात स्वर्ण प्राकट्य दिवस है। संपूर्ण भारत में पूरे देश की समस्त समितियों ने संकल्प लिया कि यह उत्सव प्रकृति को समर्पित करना है।

पूरे भारत वर्ष में 23 नवंबर दिन रविवार को एक ही समय में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम करना है। यही हम अनुयायियों एवं शिष्यों की ओर से सदगुरू साहिबान जी को उपहार स्वरूप होगा। समय समय पर हम सबके ऊपर बाबा जी की महर होती है बाबा जी हमे प्रकृति से स्नेह व प्रकृति के पोषण की सोझी (समझ) देते है।

विभिन्न अवसरों पर बाबाजी प्रकृति के साथ अठखेलियां भी करते है।

बाबा जी सदा ही अनुयायियों और शिष्यों को परमात्मा का नाम जप सिमरन, जीवात्माओं की सेवा अन्न सेवा जल सेवा मरीजों की सेवा आदि परमार्थ कार्यों के लिए प्रेरित करते है।

सदगुरू साहिबान जी सत्संग के रूप में परमात्मा और सत्य से पिरिचाय करवाते है।हम शिष्य के रूप में गर्व से कहते है कि हम परमात्मा की शीतल शरण में है ये ही तो परमात्मा है । हम इस समय अपने जीवन कल के सर्वाधिक आनंद में जीवन जी रहे है।

**खबर संक्षेप**

## पशु केन्द्रों में आये दिन लटके दिखाई पड रहे ताले, बारिश सीजन में फैलती है बीमारी



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि कार्य करने वाले लोगों को उनके पालतू पशुओं का जरूरत पड़ने पर समय समय पर इलाज होने के साथ साथ पशु संबंधी जरूरी जानकारियों प्राप्त करने के लिए जहां तहां पशु केन्द्र स्थापित किये गये है। मगर देखा जाता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित इन पशु केन्द्रो में अधिकांश समय मात्र ताला लटका होने के कारण जहां यह मात्र शोभा की सुपारी बन कर रहे गये है? वही दूसरी ओर इन पशु केन्द्रो के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को कोई लाभ मिलता हुआ जान नही पड़ रहा है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय क्षेत्र के अनेक गांवों में बने हुये पशु चिकित्सा केन्द्र सहित अन्य ग्रामों में स्थापित केन्द्रा में भी देखने मिल रही है। जहां पर बताया जाता है कि जब क्षेत्र के किसान जरूरत पड़ने पर अपने पशुओं को लेकर यहां पर पहुंचते है तो वहां पर मात्र ताला लटका हुआ ही मिलने के कारण वह निराश होकर बापिस हो जाते है। जबकि गौर किया जावे तो इस समय चल रहे ठंड के दौर में पशुओं में अनेक प्रकार की बीमारी फैलने का भय रहता है, इस संबंध में क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यहां पर पदस्थ अधिकारी कर्मचारी के दर्शन हो पाना मुश्किल होने के कारण न तो क्षेत्र के लोगों को पशु संबंधी जरूरी जानकारियाँ मिल पा रही है और नही पशुओं को जरूरत पड़ने पर स्वास्थ्य सेवाएं जिसके चलते क्षेत्र के लोग परेशान हो रहे है।

## छात्राओं के स्कूल के पास लगातार बढ़ रहा अतिक्रमण, छात्राएं परेशान

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जहां शासन द्वारा शासकीय स्कूलों के पास किसी भी प्रकार की दुकानों पर प्रतिबंध लगा रखा है, वही दूसरी ओर जिन संस्थाओं में छात्राएं अध्ययन करती है वहां पर तो पूर्णरूप से इस प्रकार की दुकानों परा रोक होना चाहिए। मगर नगर में देखा जा रहा है कि यहां पर बच्चियों के स्कूलों के पास नपा प्रशासन की उदासीनता के चलते लगातार अतिक्रमण होने के कारण अनेक प्रकार की दुकाने रातों रात लग रही है, जिसके कारण स्कूलों में अध्ययन करने वाली छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि स्थानीय पानी की टंकी के पास स्थिति छात्राओं के स्कूल के पास कुछ दिनों में विभिन्न प्रकार की दुकाने स्थापित होने के कारण दिन दिन भर इन पर सड़क छाप मंजनुओं का जामवड़ा लगा रहने के कारण छात्राओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तो दूसरी ओर यहां पर संचालित होने वाली अंडा दुकान के कारण छात्राओं को शुद्व हवा लेना मुश्किल होने लगा है। मगर नपा की नाक के नीचे हो रहे इस अवैध अतिक्रमण के चलते नपा प्रशासन द्वारा आज तक गौर नही किये जाने के कारण किसी दिन कोई बड़ी दुघर्टना घटित होने से इंकार नही किया जा सकता है। लोगों का कहना है कि शायद किसी दिन बड़ी घटना के बाद ही नपा प्रशासन व पुलिस प्रशासन की नींद खुलेगी।

## देवी दर्शन की बात को लेकर पति ने की पत्नी की पिटाई

**गाडरवारा।** समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी के अंतर्गत आने वाले ग्राम बैरागढ़ निवासी एक महिला द्वारा अपने पति के खिलाफ पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि उसने अपने पति से देवी दर्शन करने के लिये जाने की बात कही तो पति द्वारा इंकार किये जाने के चलते वह अपने विस्तर पर सो गई। इसके बाद प्रार्थिया का ससुर आया ओर गंदी गंदी गालिया देते हुये उसने अपने बेटा यानि की प्रार्थिया के पति तीरथ अहिरवार को गलत बाते कहते हुये बहकाये जाने पर पति तीरथ ने अपनी पत्नी को जमीन पर पटकते हुये मारपीट कर चोटे पहुंचाई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति तीरथ अहिरवार व ससुर प्रकाश अहिरवार के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### क्वाटर व सेमी फाईनल मैचों में खिलाड़ियों ने लगाई पूरी ताकत, म. प्र. की बालक व बालिका वर्ग पराजित होकर हुई बाहर

# राष्ट्रीय शालेय व्हालीबॉल प्रतियोगिता का समापन होगा आज पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे जिला प्रभारी मंत्री

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**



क्वाटर फाईनल में बालिका वर्ग टीम जीत के लिये जोर लगाते हुये,







प्रदेश के शिक्षा मंत्री खेल का आनंद लेते हुये



इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि जिस प्रकार से क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप के प्रयासों ने गाडरवारा शहर ने देश के हर प्रांत में अपनी एक अलग ही पहचान बना ली गई है। क्योंकि लगातार दूसरे वर्ष नगर के पुराने कालेज खेल मैदान पर आयोजित हुई राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता के चलते देश के अनेक प्रांतों के खिलाड़ियों ने शामिल होकर अपने खेल का जिस तरह प्रदर्शन करते हुये नगर के लोगों में खेलों के प्रति उत्साह भर दिया गया है। वही दूसरी ओर नगर में देश के कौने कौने से पधार हुये खिलाड़ियों को नगरवासियों द्वारा जिस तरह मेहमान का दर्जा देते हुये उनके सम्मान में कोई कसर नही छोड़ी गई। बाहर से आये हुये छात्र छात्राओं को खाने पीने से लेकर उन्हें निर्धारित किये गये आवास स्थलों तक लाने ले जाने के लिये लगाई गई बसों में नगर पालिका अध्यक्ष खुद ही पहुंचकर खिलाड़ी छात्र छात्राओं से चर्चा करते हुये देखे जाते है कि उन्हें आने जाने में किसी भी प्रकार से कोई परेशानी का सामना तो नही करना पड़ रहा है। क्योंकि देश के अनेक प्रांतों से आये हुये यह खिलाड़ी जब अपने प्रांत को वापिस लौटेगे तो इस नगर का नाम शायद ही वह कभी भूल पायेगे। इस तरह लगातार पांच दिन तक चली इस प्रतियोगिता का आज समापन होगा। अंतिम दौर में पहुंच चुकी प्रतियोगिता के चलते नगर के लोगों में चहल पहल पर विराम लगने की सोच के चलते मायूसी दिखाई देने लगी है। क्योंकि पांच दिनों तक नगर के खेल मैदान के साथ साथ शहर की हर गली व मुल्ले में जिस तरह का महौल देखने मिल रहा था वह यादगार बनने से नही चूक पाया था। वही दूसरी ओर लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल और स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में नगर के खेल मैदान पर 19 वर्षीय बालक/ बालिका आयु वर्ग में पांच दिवसीय 69 वीं राष्ट्रीय शालेय व्हालीबॉल प्रतियोगिता अपने अंतिम दौर में पहुँच चुकी हैं । प्रतियोगिता के चौथे दिन रविवार को बालक एवं बालिकाओं वर्गो की अलग अलग प्रांतों टीमों के मध्य प्री क्वाटर फाइनल मैच खेले गये। वही प्रतियोगिता में मप्र की उम्मीदों क्रो करारा झटका उस समय लगा ज़ब लीग मेचों में ही मप्र के बालक एवं बालिका वर्गों की दोनों टीमें पराजित होतु हुये बाहर हो गई। इस प्रकार रविवार क्रो खेले गए मेचों के बारे मे प्रचार प्रसार समिति के सदस्य मधुसूदन पटैल से मिली जानकारी के अनुसार बालक वर्ग के प्री क्वाटर फाइनल मैचों में हिमाचल प्रदेश टीम ने असम प्रांत की टीम को व केरल ने उत्तराखण्ड, पश्चिम बंगाल ने विद्या भारती, राजस्थान ने पंजाब, गुजरात ने दिल्ली, तमिलनाडु ने छग, उप्र ने जम्मू कश्मीर एवं सीबीएसई ने कर्नाटक क्रो रोमांचक मैचों में हराकर क़्वाटर फाइनल में जगह बनाई। इसी प्रकार बालिका वर्ग के प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबलो में तमिलनाडु टीम ने तेलंगाना, गुजरात ने मणिपुर तो हिमाचल प्रदेश ने दिल्ली, राजस्थान ने नवोदय विद्यालय समिति, कर्नाटक ने आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल ने उप्र, सीबीएसई ने महाराष्ट्र एवं हरियाणा ने चंडीगढ़ क्रो नजदीकी मुकाबलो में पराजित करते हुये क़्वाटर फाइनल में जगह बनाई। इस प्रकार से समाचार लिखे जाने तक खेल मैदान पर क्वाटर फाईनल मैचों का प्रदर्शन जारी थे। चल रही प्रतियोगिता के दौरान शनिवार क्रो रात्रि प्रदेश के स्कूल शिक्षा व परिवहन उदयप्रताप सिंह ने रूद्र मैदान पहुँचकर खेलों का आनंद लिया गया। इस प्रकार से देर रात्री तक प्रतियोगिता में शामिल हुई टीमों के बीच सेमीफाईनल मुकाबले होने के बाद बालक व वालिका वर्ग के मैच आज खेले जावेगे। वही फाईनल मुकाबले में जीत का परचम लहराने वाली टीमों का पुरूस्कार वितरण तथा प्रतियोगिता का सामपन जिले के प्रभारी मंत्री सहित अन्य नेताओं की मौजूदगी में किया जावेगा। इस प्रकार से नगर में आयोजित हुई इस प्रतियोगिता की व्यवस्थाओं को बनाने के लिये नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा सहित संपूर्ण नगर पालिका परिषद के अधिकारी कर्मचारियों के साथ साथ राव अनुज प्रताप सिंह, प्रशासन स्तर पर अनुविगीय अधिकारी श्रीमति कलावती ब्यारे, जिला शिक्षा अधिकारी प्रतुल इंदुरख्या, सहायक संचालक सीमा डोंगरे, बीआरसी संदीप स्थापक सहित जनप्रतिनिधियो , अधिकारी- कर्मचारियों , टीमों के कोच, रेफरी, महिलाओ , युवा, छात्र छात्राओं और दूर- दराज से आये हुये लोगो ने खेल मैदान पर पहुंचकर खेलों का आनंद लिया गया।

## भारत दूरसंचार विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों सहित छात्र छात्राओं से संवाद करते हुये दी जरूरी जानकारियां





**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।** भारत की सबसे बड़ी दूर संचार कंपनी के अधिकारियों द्वारा बीते हुये ग्राम पंचायत सहावन में ग्रामीण व शासकीय स्कूलों मैं छात्र व छात्रों से किया संवाद भारतीय दूरसंचार विभाग की इंटरनेट प्रणाली की विशेषताओं से अवगत कराया गया। वही ग्रामीण और बच्चों को जागरूक करते हुये ग्रामीणों भारतीय दूरसंचार विभाग का उद्देश्य की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि देश की जितनी भी जो पंचायत में है उन पंचायत में टेलीफोन के साथ-साथ इंटरनेट की सुविधा भी उपलब्ध कराई है और यह इंटरनेट सुविधा इसलिए उपलब्ध कराई जा रही है जिससे कि जो उन्नति की संभावनाएं शहरों में लोगों तक है वह गांव के लोगों तक भी पहुंचे सके। शहरों की भांति ग्रामीण क्षेंत्रों में भी कनेक्टिविटी का उपयोग करते हुये स्वरोजगार के साथ साथ पढ़ाई में उपयोग कर अपने भविष्य को उज्जबल बनाया जा सकता है। इसी के चलते सरकार की स्कीम में देश के ग्रामीण क्षेत्रों में टेस्टिंग ब्लॉक में जितने भी पंचायत हैं उनको कनेक्ट किया जा रहा है इसके लिये अभी हमने हर ब्लॉक में कुछ गांव को अलग से सिलेक्ट किया है कि उन गांव में हम जाकर ध्यान दें पता करें की कनेक्टिविटी है या नहीं तो ऐसे गांव समृद्ध पंचायत के रूप में आईडेंटिफाई किए गए हैं। हमारे जिले के बाबई ब्लाक के ग्राम पंचायत सहावन तो यहां हम संचार सेवा को सुचारू करना चाहते हैं कि यहां के स्कूल में लोगों के पास पंचायत में आंगनबाड़ी में इंटरनेट की फैसिलिटी कंटिन्यूटी के साथ बनी रहे और यहां के लोग उसे इंटरनेट के माध्यम से न केवल पढ़ाई कर सकते हैं। बल्कि रोजगार करना चाहता है वर्क फ्रॉम होम करना चाहता है या गवर्नमेंट जॉब गवर्नेंस के माध्यम से सुविधा उपलब्ध करा रही है। इस मौके पर दूरसंचार विभाग मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ के नियंत्रण संचार लेखाआयुक्त हरि गोंविद धाकड एवं एसडीओ भारतनेट वैभव भलावी जबलपुर के आलवा प्रदीप साहू नरसिंहपुर, मनोज तिवारी गाडरवारा, वरिष्ठ समाजसेवी ब्रजमोहन पटेल, गाव संरपच बलवीरसिंह ठाकुर, सचिव तेजराम वर्मा, हाईस्कूल प्राचार्य सूर्यकांत मेहरा, प्रधान पाठक राजेन्द्र ठाकुर, शिक्षक लखन वर्माख सीरीज पाटकार ग्राम के राजेश लोधी, भानुप्रताप, पप्पू वर्मा, कमलेश अहिरवार, वीरेंद्र मेहरा सहित अन्य लोग मौजूद थें।

## आज राष्ट्रीय शालेय प्रतियोगिता के समापन व सुप्रसिद्ध सूफी गायक पद्मश्री कैलाश खैर के आयोजन के चलते पानी टंकी क्षेत्र में वाहनों का प्रवेश रहेगा प्रतिबंधित



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** नगर के पुराने कालेज खेल मैदान पर आयोजित हो रही राष्ट्रीय शालेय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के समापन अवसर पर देश के प्रसिद्व गायब कैलाश खैर के आयोजन को लेकर नगर की यातायात व्यवस्थाओं को सुचारू बनाने के लिये पानी टंकी क्षेत्र को वाहनों के प्रवेश को लेकर प्रतिबंधित किया गया है। इस मौके पर जिला अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के नेतृत्व में 04 उप पुलिस अधीक्षक, 08 निरीक्षक,22 उप निरीक्षक सहित करीबन 250 पुलिस के अधिकारी/कर्मचारी डियूटी लगाई गई है। बताया जाता है कि आयोजन के दौरान अपराधिक/आवारा तत्वों पर निगरानी एवं धरपकड़ हेतु सादी वर्दी में पुलिस तैनात की गई है। वही कार्यक्रम स्थल पर पुलिस ड्रोन की व्यवस्था रहेगी। नगर एवं कार्यक्रम स्थल पर सी.सी.टी.व्ही. कैमरों के माध्यम से निगरानी की जावेगी। वही कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुये आज 17 नवम्बर को सुबह 8 बजे से रात्रि 2 बजे तक शहर के अंदर भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णतः निषेध रहेगा । वही सभा स्थल नगर का पुरानी कालेज रूद्र खेल मैदान पानी की टंकी के पास सभी प्रकार के वाहन पूर्णतः प्रतिबंधित होंगे । वाहन प्रतिबंधित क्षेत्र में पाए जाने वाले वाहनों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की जायेगी ।इस मौके पर नगर के पलोटन गंज से पानी की टंकी की ओर जाने वाले तथा पाठक तिराहा से पानी की टंकी की ओर आने वाले तथा निर्मल मेडिकल से पानी की टंकी की ओर एवं शासकीय अस्पताल से पानी की टंकी की ओर आने वाले वाहनों का प्रवेश निषेध है। नगर के आयोजन स्थल पर पहुंचने के लिये शिक्षकों, प्रशिक्षक एवं खिलाड़ियों के प्रवेश की व्यवस्था आदर्श स्कूल की ओर से बने गेट क्र.01 से रहेगी । वही व्ही.आई.पी. जन के प्रवेश की व्यवस्था आदर्श स्कूल की ओर से बने गेट क्र.01 एवं विजय कॉलोनी तरफ बने गेट क्र.02 से रहेगी तथा पत्रकारजन का प्रवेश आदर्श स्कूल की ओर से बने गेट क्र.01 से रहेगा । इसी प्रकार आमजनों को आयोजन स्थल पर पहुंचने के लिये प्रवेश की व्यवस्था बरगद के पेड़ के पास यानि की पानी टंकी के पास कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला के ओर बने गेट क्र.03 से रहेगी । वही नगर में वाहनों की सभी पार्किंग हेतु साईन बोर्ड लगाये गये है । वाहन पार्किंग के लिये निर्धारित पार्किंग स्थल करने के लिये बनाये गये है और लोगों से अपेक्षा जताई गई है कि वह पार्किंग स्थल से अतिरिक्त वाहन पार्क ना करें ।आवागमन में होने वाली असुविधा से बचने के लिये आमजन चीचली तिराहा से पलोटनं गज,छीपा तिराहा,पुराना बस स्टैंड,पुरानी गल्ला मंडी, नया बस स्टैंड,महाकाल तिराहा एवं झंडा चौक, पुरानी चौकी, चावड़ी तिराहा, पाठक तिराहा,शक्ति चौक, शिवालय चौक का उपयोग कर सकते है। आज के लिये बनाई गई पार्किग व्यवस्था के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चार पहिया वाहनों के लिये साईखेड़ा, सालीचौका, बनखेड़ी, तेंदूखेड़ा, पलोहा, करेली की ओर से आने वाले वाहन आमगाँव नाका, छीपा तिराहा होते हुए शासकीय अस्पताल के सामने भवानी टिम्बर के पीछे पार्किंग व्यवस्था रहेगी । वही चीचली, डोंगरगाँव की ओर से आने वाले वाहन रेल्वे क्रासिंग, चीचली तिराहा हेतु बी.टी.आई. स्कूल के पास राज्य बीज निगम में पार्किंग व्यवस्था रहेगी। दो पाहिया वाहनों के लिये संस्कार पैलेस के पास, शासकीय अस्पताल के पीछे तथा पानी टंकी चौपाटी के पीछे की तरफ दो पहिया वाहनों की पार्किंग व्यवस्था रहेगी। भारी वाहनों के आवागमन हेतु निम्न मार्गों का उपयोग किया जा सकता है। जिसमें नरसिंहपुर से साईखेड़ा पिपरिया की ओर जाने वाले भारी वाहन नारगी कल्याणपुर-NTPC- गाडरवारा बाईपास होते हुए जा सकेंगे तथा तेंदूखेड़ा से गाडरवारा ओर जाने वाले भारी वाहन उदयपुरा- साईखेड़ा होते हुए जा सकेंगे । राष्ट्रीय व्हालीबॉल प्रतियोगिता के समापन संध्या को यादगार एवं अविस्मरणीय बनाने के लिए सुप्रसिद्ध सूफी गायक पद्मश्री श्री कैलाश खैर सोमवार 17 नवंबर को रूद्र मैदान गाडरवारा आएंगे। यहां शाम 7:30 बजे से खैर संपूर्ण कैलाशा बैंड के साथ गीत- संगीत प्रस्तुत करेंगे।

## सड़क किनारे लगे हुये शासकीय पेड़ बने विज्ञापन स्थल, प्रशासन की उदासीनता के चलते की जा रही खिलवाड़







**हरिभूमि न्यूज/खुलरी।** जहां एक ओर शासन प्रशासन द्वारा आये दिन पर्यावरण की रक्षा का संदेश देते हुये लोगों को पौधा रोपण करने का संदेश देने से नही चूकता है। मगर वही दूसरी ओर देखा जाता है कि जो पेड़ इस समय हरे भरे हुये दिखाई दे रहे है उनके रख रखाब में प्रशासन द्वारा बरती जा रही उदासीनता के चलते वह बदहाल स्थिति में पहुंचने से नही चूक पा रहे है? इस बात की सच्चाई इस समय शहरों के साथ साथ गाडरवारा करेली राष्ट्रीय स्तर के मार्ग पर लगे हुये पेड़ो को देखते हुये अनुमान आसानी से लगाया जा सकता है कि इन शासकीय पेड़ो के प्रति प्रशासन कितना जागरूक है। क्योंकि मुख्य मार्ग किनारे लगे हुये इन पेड़ो को जहां संबंधित विभाग द्वारा रख रखाब के नाम पर मात्र साल भर में एक बार लाल रंग की गेरू व सफेद रंग का चूना से पुताई करने के बाद नजर अंदाज किये जाने का परिणाम है कि यह शासकीय संपत्ति इस समय विज्ञापन पार्टियों के लिये प्रमुख स्थल बन चुके है और लोगों द्वारा मन मुताबिक इन पेड़ों के सीना में कील ढ़ोकते हुये धडल्ले से अपने विज्ञापन लगाने से नही चूक रहे है। इस प्रकार से पर्यावरण की रक्षा के लिये प्रमुख माने जाने वाले यह प्रकृति की धरोहर पूर्णरूप से विज्ञापन स्थल बनते हुये शासन प्रशासन द्वारा पर्यावरण की रक्षा के लिये दिये जाने वाले उस संदेश को ग्रहण लगाने में कोई कसर नही छोड़ रहे है? वही दूसरी ओर देखा जावे तो इस तरह पेड़ो में विज्ञापन या बेनर लगाने के लिये ठोकी जाने वाली कीलों के चलते वह पेड़ उस जगह से खराब होना शुरू हो जाते है और अंदर ही अंदर पोले होने के कारण कुछ समय बाद गिरने से नही बच पाते है। मगर इस तरह की जा रही अनदेखी निश्चित तौर से पर्यावरण की रक्षा का संदेश देने वाले अधिकारियों की उदासीनता को उजागर करने से नही चूक रहे है।

## सड़कों पर धडल्ले से किशोर दौड़ा रहे है वाहन, अपने साथ साथ दूसरों की जान को भी डाल रहे खतरे में



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** शहर में बढ़ती वाहनों की संख्या और तेज गति से वाहनों का सड़कों पर दोड़ना वैसें ही दुर्घटनाओं का आमंत्रण देते दिखाई दे रहा है? वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि नगर की सड़कों पर जिस प्रकार से नाबांलिग किशोरों को दो पहिया वाहन दौड़ाते हुए देखा जाता है उससे उनकी जान को तो खतरा बन ही रहा है साथ ही साथ दूसरों की जान को भी खतरा पैदा करते हुए देखे जा रहे है? जिसमे प्रमुख रूप से देखा जावे तो स्कूली बच्चों का दो पहिया वाहन चलाना दूसरो के लिए खतरा बना हुआ है, क्योंकि इस समय नगर में देखा जावे तो अनेक जगहों पर 12 वर्ष सें लेकर 16 वर्ष की आयु वालें सैकड़ों किशोर व किशारियाँ वाहन चलाते दिख आसानी से दिखाई दे जाते है, इसे अभिभावक का बच्चों के प्रति लगाव कहे या भौमिकवाद की दौड़ में दिखावा जो बिना लाईसेंस के वाहन चला रहे कम उम्र के बालक बालिका नासमझी में हादसें का शिकार हो सकते है साथ ही साथ इनकी नादानी से दूसरों की जिन्दगी भी खतरे में पड़ सकती है? आगे निकलनें की होड़- स्कूली विद्यार्थी स्कूल आते जाते समय एक दूसरें से आगे निकलने के लिए रेस लगाते है साथ ही बाइक की गति और सड़को पर अनोखे करतबो का प्रदर्शन भी भीड़ भरी सड़को पर रोजना करते हुए आसानी से देखे जाते है, इनके अभिभावक भी इन खतरों सें भलिभांति वाकिफ है? लेकिन भौतिक संसाधनों कें उपयोग और थेड़ी सी लापरवाही में जानकार भी अनजान बनें हुए है। सांझ ढलतें ही सड़कों पर- शाम होतें ही नगर की सड़कों पर कई किशोर जिनकी उम्र की बात तो दूर जिस वाहन पर बैठे हुए होते है उनका उसके ब्रेकों तक पैर तक नही पहुंच पाते मगर इसके बाद भी उसे नगर की सड़कों पर वाहन दौड़ाते हुए आसानी से देखा जा सकता है, इतना ही नही यह लोग नगर कें प्रमुख मार्गो पर हार्न बजातें हुए और तेज गति से वाहन दौड़ातें हुए रोजाना देखे जा सकते है कई मौको पर तो ये किसी दुर्घटना का शिकार होते हाते बच जाते है? मगर इस ओर न तो प्रशासन ध्यान दे रहा है और नही उनके अभिभावक जिसके चलते वाहन दौड़ाने वाले बच्चों के साथ साथ दूसरों की जिन्दगी के लिए भी खतरा पैदा होते हुए जान पड़ रहा है?

## अप डाउन संस्कृति पर नहीं लग पा रही रोक, शासन की योजनाएं हो रहे फेल

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** ब्लाक मुख्यालय के अंतर्गत जितने भी कार्यालय है उनमें चंद अधिकारियों कर्मचारियों को छोड़ दिया जावे तो अनेक अधिकारी ऐसे है जो अप डाउन संस्कृति को न अपनाये हो अनेक कार्यालायो में पदस्थ अधिकारी कर्मचारियों की अप डाऊन संस्कृति के चलते शासन की योजनाए फैल होती जा रही है। यहां पर अनेक विभागो के कार्यालयों में पदस्थ प्रमुख अधिकारियो से लेकर छोटे छोटे कर्मचारी तक अप डाउन करते हुए अपनी डियूटी जिस प्रकार से निभा रहे है कि लोग अपनी कार्यो के लिए उनका इंतजार करते हुए देखे जाते है। इतना ही नही यहां के प्रमुख ब्लाक कार्यालय से लेकर तहसील कार्यालय व अन्य विभागों के कार्यालयों में पदस्थ अधिकारियों सहित अनेक कार्योलयों में का यही हाल चल रहा है? और ऐसा कई सालो से चलता आ रहा है कोई कार्यवाही न होने के कारण अधिकारी अपनी मनमानी से कार्य करते आ रहे है, जब मन करें आ जाते है जब मन करे तब चले जाते है कोई रोकने वाली नही है? यह बात जरूर है कि यदि ऐसा कोई छोटा कर्मचारी करे तो नोटिस जारी होने लगते है, लेकिन जो उस विभाग का मुखिया होता है उस पर कार्यवाही करने वाला कोई नही रहता। इस प्रकार से शासकीय कार्यालयों में चल रही मनमानी को लेकर आज तक कोई भी जिला स्तर के अधिकारी द्वारा इस अप डाउन संस्कृति पर अपनाने वाले अधिकारियो पर अंकुश नही लगा पा रहे है? जिसके कारण अधिकारियों द्वारा शासन द्वारा जो समय निश्चित है उस समय पर न तो वह कार्यालय पहुंच पाते है और न ही लोगों की समस्याओं को सुना जाता है? जिसके कारण आम जनता की समस्या का हल नही निकलता व शिकायतें दिनों दिन बढ़ती जाती है। मध्यप्रदेश शासन द्वारा प्रत्येक मंगलवार को शुरू किया गया जनसुनवाई कार्यक्रम भी अधिकारियो को याद नही रहता है। जिसके कारण जनसुनवाई भी नही हो पाती है और उस दिन जनता कार्यालयो के पास अपनी समस्या को लेकर मंगलवार के दिन का इंतजार करते हुये देखा जाता है है और अपना अपना काम छोड़ कर जनसुनवाई के निश्चित समय 11 बजे के पहले इन कार्यालयो में आ जाते है और साहब के आने का इंतजार करते रहते है? लेकिन जब उन्हें मालूम चलता है कि साहब अभी आये ही नही है, अगर कोई उस कार्यालय में मौके पर उपस्थित किसी चपरासी से पूछे तो वह भी यही कह देता है कि जनसुनवाई का कोई औचित्य नही रह गया है। क्योंकि साहब को सप्ताह के अन्य दिन वैसे ही मंगलवार का रहता है। साहब उसी समय पर आयेगे जिस समय ट्रेन आएगी, साहब भी बेचारे क्या करे वह तो आना चाहते है पर ट्रेन लेट हो जाती है जिस कारण साहब समय पर आफिस नही पहुंच पाते है। जब ट्रेन गाडरवारा आयेगी और फिर साहब यहां आवेगे। जिससे कार्य प्रभावित होते है तो होते रहे अब अपने परिवार थोड़ी छोड़ देवे। यदि यहां के शासकीय कार्यालयों का यही हाल रहा तो क्या शासन की योजनाएं वह जनता की समस्याओं का हल हो पायेगा? अगर शासन प्रशासन को शासन की योजनाओ को जन जन तक लाभ पहुंचना है तो सबसे पहले अप डाउन संस्कृति पर रोक लगाना होगा? अगर इस संस्कृति पर रोक लग गई तो आम जनता के काम वाकई में समय सीमा में होने लगेगे।

## खबर संक्षेप

### पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका को किया गया सकुशल दस्तयाब

**कोतमा।** थाना कोतमा पुलिस ने "ऑपरेशन विशेष मुस्कान" अभियान के तहत उत्कृष्ट सफलता अर्जित की है। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के नेतृत्व में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम तथा एसडीओपी कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के मार्गदर्शन में गठित टीम ने सतत कोशिशों एवं अथक प्रयास के बाद नाबालिग बालिका को सुरक्षित दस्तयाब करने में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। थाना कोतमा के अपराध क्रमांक 375/25 धारा 137(2) की अपहृता कु .मेघना (परिवर्तित नाम) को लगातार खोजबीन और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर कोतमा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन सदस्यीय टीम बनाकर गुजरात के दमन रवाना कर नाबालिग बालिका को सुरक्षित दस्तयाब किया। दस्तयाबी के बाद सकुशल बालिका को उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया। इस संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतमा रत्नाम्बंर शुक्ला, प्र.आर, दिनेश राठौर, आर.संजय वर्मा, म.आर. पूनम पाण्डेय और साइबर सेल से प्र. आर. राजेन्द्र अहिरवार की महत्वपूर्ण और सक्रिय भूमिका रही। थाना कोतमा पुलिस द्वारा की गई यह संवेदनशील एवं तीव्र कार्रवाई समाज में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करती है और "ऑपरेशन मुस्कान" की सफलता में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि जोड़ती है।

### महाशय राव बहादुर सिंह आर्य की 16वी पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** डीबीएम पब्लिक स्कूल अनुपपुर व अमलाई में महाशय राव बहादुर सिंह आर्य की 16वी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई। डीवीएम पब्लिक स्कूल अनूपपुर में क्षेत्रीय निदेशक श्रीमती सुशीला कुलवंत द्वारा राव बहादुर सिंह आर्य की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद हवन यज्ञ का कार्यक्रम संपन्न हुआ विद्यालय के संगीत शिक्षक ऋषि राज सिंह द्वारा सुंदर भजन की प्रस्तुति की गई।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को न्यायिक लड़ाई लड़ेंगे-विभा पांडे



**हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका यूनियन (एटक) की प्रांतीय महासचिव कामरेड विभा पांडेय ने दमेहडी, विलासपुर, खाँटी व अमरकंटक सेक्टरों की बैठकों में कहा कि कार्यकर्ताओं को न्यायसंगत मानदेय दिलाने के लिए अब आंदोलन के साथ न्यायालय में भी लड़ाई लड़ी जाएगी। उन्होंने कहा कि गुजरात हाईकोर्ट के 24,800 मासिक मानदेय के आदेश के आधार पर एटक मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में याचिका दायर करने जा रहा है। वर्ष 2024 की 15 दिन की हड़ताल के बाद मानदेय वृद्धि, सेवानिवृत्ति भुगतान और वार्षिक बढ़ोतरी जैसे निर्णय हुए थे।

अमरकंटक की बैठक में नई समितियाँ गठित की गईं। कार्यक्रम में अधिवक्ता अरुणा पटेल ने भी कार्यकर्ताओं को अधिकारों के प्रति जागरूक किया। दिसंबर के प्रथम सप्ताह में केशवाही व राजनगर, कोतमा के आठ सेक्टरों की बैठकें प्रस्तावित हैं।

## ग्राम कछारी रैयत में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई



**शहपुरा** - शहपुरा विकासखण्ड अन्तर्गत ग्राम कछारी रैयत में शनिवार को बिरसा मुंडा चौराहा में भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाई गई। ग्रामवासियों ने एकत्र होकर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और उनके त्याग, संघर्ष और आदिवासी समाज के लिए किए गए अतुलनीय योगदान को याद किया। कार्यक्रम में बच्चियों ने पारंपरिक सैला नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी, जिसे देखकर उपस्थित सभी लोग उत्साहित हो उठे। वहीं स्कूल के छात्र-छात्राओं ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, उनके इतिहास और उनके आंदोलन पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में हलुआ प्रसाद का वितरण किया गया। पूरे आयोजन में ग्रामवासियों की उपस्थिति और उत्साह देखने लायक रहा, जो आदिवासी नायक बिरसा मुंडा के प्रति लोगों की आस्था और सम्मान को दर्शाता है।

## शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में उत्साह पूर्वक मनाई गई भगवान बिरसा मुंडा जयंती




**अमरपुर।** शासकीय महाविद्यालय अमरपुर में भगवान बिरसा मुंडा जयंती समारोह श्रद्धा, सम्मान और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक धर्मेन्द्र चौहान, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता गुलाब सिंह ठाकुर, विकासखंड समन्वयक अमरलाल धुर्वे, मेंटर्स मनोज कुमार तंतुवाय, लाल सिंह ठाकुर, तिलक सिंह, श्रीमती नीतू मार्को, राधे श्याम बनवासी तथा सीएम–सीएलडीपी के छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।समारोह की शुरुआत अतिथियों द्वारा भगवान बिरसा मुंडा के तेल चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसके पश्चात अतिथियों का तिलक एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। उद्बोधन क्रम में जिला समन्वयक धर्मेन्द्र चौहान ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और आदिवासी समाज के लिए उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए प्रेरक विचार साझा किए।

वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता गुलाब सिंह ठाकुर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि बिरसा मुंडा ने आदिवासी समाज के अधिकारों की रक्षा हेतु अद्वितीय संघर्ष किया, जो आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने छात्रों से अनुशासन और दृढ़ निश्चय के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने की अपील की तथा बिरसा मुंडा के विचारों को समाज में प्रसारित करने का संदेश दिया।अंत में विकासखंड समन्वयक अमरलाल धुर्वे ने विद्यार्थियों को धरती आबा बिरसा मुंडा के आदर्शों को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के समापन पर सभी अतिथियों, मेंटर्स और छात्रों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन तिलक सिंह ने किया।

## समनापुर साप्ताहिक बाजार में अवैध गतिविधियों की चर्चा तेज

**डिंडोरी/समनापुर।**



समनापुर क्षेत्र के साप्ताहिक बाजार में अवैध वसूली और सट्टा-जुआ जैसी गतिविधियों को लेकर स्थानीय नागरिकों में चिंता बढ़ती जा रही है। इन चर्चाओं को उस समय और गति मिली जब बाजार में वसूली से संबंधित एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।हाल ही में सामने आए एक वायरल वीडियो में साप्ताहिक बाजार में कुछ व्यक्तियों द्वारा ऑटो चालकों और छोटे व्यापारियों से राशि मांगते हुए देखा जा रहा है। वीडियो सामने आने के बाद नागरिकों में बाजार की व्यवस्था को लेकर कई तरह की प्रतिक्रियाएँ देखने को मिलीं।कई स्थानीय लोगों का कहना है कि बाजार में इस तरह की गतिविधियाँ समय–समय पर देखने को मिलती रही हैं, जिससे व्यापारियों और आम नागरिकों में असंतोष बढ़ रहा है। उनका कहना है कि "साप्ताहिक बाजार में अवैध वसूली की घटनाएँ क्षेत्र की शांति और व्यापारिक माहौल को प्रभावित करती हैं।"

### सट्टा-जुआ को लेकर भी लोगों में चिंता

ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में सट्टा-जुआ जैसी गतिविधियों के सक्रिय होने की चर्चाएँ लंबे समय से हैं, जिनके कारण सामाजिक वातावरण पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। इन हालातों को देखते हुए लोगों में व्यवस्था को लेकर निरंतर सवाल उठ रहे हैं।व्यापारियों और सामाजिक संगठनों द्वारा समय–समय पर प्रशासनिक स्तर पर भी अपनी चिंताएँ साझा की गई हैं। नागरिकों का कहना है कि वे चाहते हैं कि बाजार की व्यवस्था को व्यवस्थित करने तथा अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएँ, ताकि लोग सुरक्षित और शांतिपूर्ण वातावरण में अपना व्यापार कर सकें।स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि वायरल वीडियो के बाद संबंधित विभाग स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उचित कार्रवाई करेगा और बाजार में बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

## कारोपानी में भीषण आगजनीः धान की गहाई के दौरान ट्रैक्टर, थ्रेसर धू-धू कर जला, किसान का लाखों का नुकसान

**डिंडौरी।** जिले के ग्राम कारोपानी में शनिवार शाम करीब 4 बजे धान की गहाई के दौरान ऐसा हृदयविदारक हादसा हुआ जिसने पूरे गाँव को दहला दिया। गहाई में उपयोग हो रहा ट्रैक्टर और थ्रेसर अचानक आग की चपेट में आ गया, और कुछ ही मिनटों में आग ने भयावह रूप ले लिया।



देखते ही देखते आग ने धान की खरही, ट्रैक्टर, थ्रेसर और आसपास रखी सामग्री को पूरी तरह अपनी आगोश में ले लिया। ग्रामीणों ने एकजुट होकर पानी, मिट्टी और बाल्टियों से आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तेज लपटों और हवा के कारण आग काबू में नहीं आ सकी।प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ भी बचाने का मौका ही नहीं मिल पाया।हादसे में किसान का पूरा खेत-सम्पत्ति जलकर खाक, भारी आर्थिक नुकसान—शुरुआती अनुमान में लाखों रुपये की क्षति बताई जा रही है।आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं, लेकिन आशंका है कि मशीन के गर्म होने या घर्षण से निकली चिंगारी ने सूखी फसल में तुरंत आग लगा दी।घटना के बाद किसान परिवार सदमे में है और ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल मुआवजा एवं सहायता की मांग की है।

## डिंडोरी में जनजाति गौरव दिवस पर नवांकुर संस्थाओं द्वारा श्रद्धा-पूर्वक मनाई गई भगवान बिरसा मुंडा जयंती

**डिंडोरी**






जनजातीय स्वतंत्रता सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के अवसर पर जिलेभर में जनजाति गौरव दिवस उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के सहयोग से नवांकुर संस्था

### जनजीवन कल्याण समिति, बिछिया सरहरी माल

द्वारा आयोजित किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत भगवान बिरसा मुंडा के चित्र पर तिलक और पुष्पमाला अर्पित कर की गई। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने उनके स्वतंत्रता आंदोलन, संघर्ष एवं आदिवासी समाज में जागृति लाने में उनके अविस्मरणीय योगदान को स्मरण किया।

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक धर्मेंद्र चौहान एवं विकासखंड समन्वयक गणेश राजपूत ने बिरसा मुंडा के जीवन, संघर्ष और उनके आंदोलन की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर विस्तार से प्रकाश डाला।जिला समन्वयक चौहान ने कहा कि बिरसा मुंडा ने अपने अल्प जीवन में जनजातीय समाज के हक, सम्मान और स्वाभिमान के लिए उल्लेखनीय संघर्ष किया, जो आज भी पूरे देश के युवाओं के लिए प्रेरणादायी है। वे केवल स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि एक महान सामाजिक सुधारक भी थे। उन्होंने समाज को नशामुक्ति, कुरीतियों से दूर रहने, एकता, अनुशासन और आत्मसम्मान के मूल्य अपनाने की प्रेरणा दी। साथ ही शिक्षा, स्वच्छता और संगठन को जनजातीय विकास की आधारशिला बताया। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था से अजय ठाकुर, एमएसडब्ल्यू छात्रा रितु सेन, ज्योति श्रीवास्तव, आशा श्रीवास्तव और अंबिका परस्ते उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने जनजातीय नायकों के इतिहास, संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।जन अभियान परिषद द्वारा जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर अन्य सेक्टरों में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। सेक्टर क्रमांक 2 में गौरीशंकर बर्मन की उपस्थिति में आयोजन संपन्न हुआ, जिसमें स्थानीय नागरिकों ने भगवान बिरसा मुंडा के आदर्शों और शिक्षाओं को याद किया।

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने एसआईआर कार्य प्रगति की समीक्षा



**डिंडौरी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने Zoom वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (जूम वीसी) के माध्यम से सभी अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों के मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर पुनरीक्षण कार्य की गति बढ़ाएं तथा प्रगति की नियमित समीक्षा सुनिश्चित करें।भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने हेतु जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत प्रशासनिक अधिकारी एवं बीएलओ ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में घर-घर पहुंचकर गणना पत्रक भरवाकर मतदाताओं की जानकारी एकत्रित कर रहे हैं।अभियान की प्रगति पर सतत निगरानी बनाए रखने के लिए जिले के समस्त विकासखंडों में अनुविभागीय अधिकारी (रा.), तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार स्वयं फील्ड में उतरकर बीएलओ के कार्य की समीक्षा कर रहे हैं।इसी क्रम में आज दिनांक तक गणना पत्रकों के डिजिटलीकरण में शून्य प्रगति पाए जाने पर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 39 के बीएलओ एवं 104 डिंडौरी के 50 बीएलओ को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है।बीएलए-2 की नियुक्ति हेतु मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्ष/सचिव को पत्र जारी कर निर्धारित प्रपत्र में आवश्यक जानकारी तत्काल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। बीएलए-2, बीएलओ के साथ समन्वय स्थापित कर मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण 2026 के कार्य में सहयोग करेंगे।

कलेक्टर के निर्देशन में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा कलेक्टोरेट ऑडिटोरियम मीटिंग हॉल में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 104 डिंडौरी के मतदान केंद्र क्रमांक 01 से 156 तक के बीएलओ के गणना पत्रकों का समक्ष ऑनलाइनेशन (डिजिटलीकरण) कराया गया। कार्यक्रम में सभी बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर, पटवारी, सचिव, रोजगार सहायक, बीईओ एवं बीआरसी उपस्थित रहे।

## बीएलओ को गणना फॉर्म डिजिटाइज करने के निर्देश

## विधानसभा क्षेत्र 104 डिंडोरी में अपर कलेक्टर ने की समीक्षा बैठक



**डिंडौरी।** विधानसभा क्षेत्र 104 डिंडोरी के अंतर्गत समनापुर एवं डिंडोरी क्षेत्र में निर्वाचन कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु अपर कलेक्टर (एडीएम) जे.पी. यादव द्वारा आज महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में समस्त बीएलओ, पटवारी, GRS, सचिव, सुपरवाइजर एवं नगरीय क्षेत्र के वार्ड प्रभारी उपस्थित रहे।समीक्षा के दौरान अपर कलेक्टर यादव ने निर्देश दिए कि प्रत्येक बीएलओ आज ही कम से कम 100 गणना फॉर्म का डिजिटाइजेशन कार्य अनिवार्य रूप से पूरा करें। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि निर्धारित लक्ष्य का कड़ाई से पालन किया जाए, ताकि आगामी निर्वाचन संबंधी कार्य समय पर पूर्ण हो सकें।उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि जो बीएलओ बैठक में अनुपस्थित रहे या जिनका कार्य लक्ष्य के अनुरूप नहीं है, उनके विरुद्ध तत्काल कार्यवाही हेतु प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए।अपर कलेक्टर ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया अत्यंत संवेदनशील है, इसलिए सभी कार्मिक अपने कार्य को जिम्मेदारी, तत्परता और दक्षता के साथ पूरा करें।बैठक में उपस्थित अधिकारियों को टीमवर्क एवं समयबद्धता का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश भी प्रदान किए गए।

## बिजुरी पुलिस द्वारा मोबाइल चोरी कर 1 लाख का सायबर फ्राड करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज बिजुरी।**

पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर्र रहमान के निर्देशन पर सायबर संबंधी अपराधों मे गंभीरता व त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है जो अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम तथा एसडीओपी श्रीमति आरती शाक्य के मार्गदर्शन में त्वरित विधिक सहायता की जाती है। सायबर फ्रॉड व मोबाइल चोरी कर 01 लाख रुपये का गवन करने वाले आरोपी को बिजुरी पुलिस द्वारा घटना की कायमी के 48 घंटे के अंदर गिरफ्तार किया गया और घटना में गया पूरा मशरूका जप्त किया गया है। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि थाना बिजुरी मे दिनाक 14/11/25 को फरियादी पन्नालाल नाई पिता प्रभूनाथ नाई उम्र 55 वर्ष निवासी माइनस कॉलोनी बिजुरी द्वारा यह शिकायत की गयी कि दिनांक 09.11.25 को अज्ञात व्यक्ति द्वारा मेरा मोबाइल चोरी कर मेरा फोन पे का पासवर्ड बदल कर सेंट्रल बैंक खाते से लगभग 01 लाख रुपये निकाल लिया गया है जिसकी शिकायत ऑन लाइन 1930 साइबर हेल्प लाइन पर भी की गई है घटना विवरण पर से अज्ञात आरोपी के विरुद्ध थाना बिजुरी मे अपराध क्र 357/25 धारा 303(2), 319(2) बीएनएस 66(ख), 66(सी), 66(डी) आईटी एक्ट का कायम कर विवेचना मे लिया गया।

घटना की शिकायत ऑनलाइन होने के कारण विवेचना दौरान फरियादी के बैंक खाते से होने वाले ट्राजेंक्शन की जानकारी तत्काल प्राप्त हो गई जिसमे पाया गया सभी विवादित ट्राजेंक्शन जिला शहडोल मे हुए है। जिस पर थाना बिजुरी मे टीम बनाया जाकर जिला शहडोल रवाना किया गया उक्त खाताधारको से पूछताछ व उनके पास उपलब्ध सीसीटीव्ही फुटेज देखे गये जिसमे यह पाया गया कि सारे ट्राजेंक्शन करने वाला अमलाई निवासी सूर्या उर्फ गणेश सोनी पिता स्व. धर्मराज सोनी है जिसकी पता तलाश की गयी जिसे अमलाई से दस्तयाब किया गया तथा पूछताछ पर उसके द्वारा जुर्म कबूल किया गया तथा चोरी गया मोबाइल, फ्राड के पैसे से खरीदा गया मोबाइल तथा नगद 62,000 रुपये जप्त कराया गया है। जिसे पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय प्रस्तुत किया जा रहा है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि चोरी किए मोबाइल में मोबाइल लॉक नहीं था और मोबाइल फोटो गैलरी में फरियादी के आधार कार्ड की फोटो थी जिसका उपयोग करके उसने फोन पे का पिन रिसेट किया और फोन पे के माध्यम से फरियादी के खाते की सारी रकम निकाल ली गई। उल्लेखनीय है कि आरोपी शातिर चोर है जिसके विरुद्ध जिला शहडोल और जीआरपी थाने शहडोल में 07 से ज़्यादा चोरी के मामले दर्ज हैं आरोपी चलती ट्रेन में पाकेट मारी और चोरी का आदतन अपराधी है ।

स्मार्ट फोन धारको से अनुरोध है कि अपने निजी एवं बैंक से संबंधित जानकारी बिना पासवर्ड के मोबाइल मे न रखें। आमजन से अनुरोध है कि किसी अनजान व्यक्ति से आनलाइन ट्राजेंक्शन से प्राप्त राशि के बदले उसे नगद पैसें न दें। उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक विकास सिंह, सउनि बृजेश पाण्डेय, प्रआर 87 बसंत कोल, प्रआर 171 सतीष मिश्रा, आर 502 विश्वजीत मिश्रा, आर 284 करमजीत सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## खबर संक्षेप

### दिशा समिति की बैठक 24 को

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर एवं सदस्य सचिव जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति ने बताया कि जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सोमवार 24 नवंबर को प्रात 11 बजे से कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

### आदतन अपराधी का जिला बदर

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के प्रावधानों के तहत जिला दण्डाधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने जिले के एक आदतन अपराधी को पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर जिला बदर किया है। जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी आदेश के अनुसार थाना कोतवाली नरसिंहपुर अंतर्गत धनारे कॉलोनी, तिंदनी रोड के निवासी करन उर्फ कन्नू विश्वकर्मा पिता महेन्द्र विश्वकर्मा को जिला बदर किया गया है। करन उर्फ कन्नू विश्वकर्मा को नरसिंहपुर जिला और उससे लगे जिलों छिंदवाड़ा, सिवनी, जबलपुर, दमोह, सागर, रायसेन एवं नर्मदापुरम की राजस्व सीमाओं से एक वर्ष की अवधि के लिए निष्कासित किया गया है। जिला दण्डाधिकारी श्रीमती रजनी सिंह ने करन उर्फ कन्नू विश्वकर्मा को आदेशित किया है कि वह उक्त आदेश की प्राप्ति के 48 घण्टों के भीतर उक्त जिलों की सीमाओं से बाहर चला जावे तथा अपने आचरण में सुधार करे। करन उर्फ कन्नू विश्वकर्मा के विरूद्ध एक राय होकर गंदी- गंदी गालियां देकर मारपीट करना, जान से मारने की धमकी देना, मारपीट कर चोट पहुंचाना व जान से मारने की धमकी देना, जुआ खेलना, पुरानी रंजिश पर एकराय होकर गाली-गलौज, क्लास से लकड़ी की बेंच उठाकर मारना एवं जान से मारने की धमकी देना, अवैध रूप से लोहे का बका रखे मिलना आदि के 12 प्रकरण दर्ज हैं।

### अरविन्द राय का निधन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस नगर के नेहरू वार्ड निवासी अरविन्द राय का असमय निधन हो गया। वे भाजपा नेता अभय राय के भाई थे। जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय झिरना स्थित मुक्तिधाम में किया गया जहां पर समाज के सभी वर्गो द्वारा श्रद्धांजलि दी गई।

### पीपर पानी में यज्ञ का हुआ भूमिपूजन



तेंदूखेड़ा समीप ही मृग्नाथ धाम पीपरवानी की पहाड़ी पर पिछले 16 सालों से चली आ रही श्री सीताराम महायज्ञ की श्रंखला के चलते विगत दिनों ग्राम के प्रतिष्ठित श्रद्धालुओं द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमी पूजन किया गया। आगामी माह में यहां पर वृहद स्तर पर यज्ञ का आयोजन होगा।

### भरत के समान भ्रातृत्व और समर्पण की जरुरत



**तेंदूखेड़ा** इन दिनों तेंदूखेड़ा के समीप ग्राम ईश्वरपुर में चल रही संगीतमय श्री राम कथा के दौरान कथा व्यास सुश्री प्रेमलता मिश्रा ने भरत मिलाप संवाद को बड़े ही रोचक तरीके से समझाते हुए कहा कि आज छोटी-छोटी सी बात को लेकर भाई भाई का दुश्मन बन जाता है और भरत को देखिए जिन्होंने 14 वर्षों तक प्रभु श्री राम की खड़ाऊं लेकर अलग नंदी ग्राम बनाकर जमीन पर रहकर प्रभु श्री राम को साक्षी मानकर राजपाठ चलाया हमें अपने बच्चों को भ्रातृत्व प्रेम की सीख देने की जरूरत है।कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रोता पहुंच रहें हैं।कथा श्रवण करने क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल भी अपने साथियों सहित पहुंचे व्यास पीठ का पूजन किया।

## शव रखकर परिजनों ने किया नेशनल हाइवे जाम

# मारपीट के बाद व्यक्ति ने खाया जहर

### जांच में जुटी पुलिस पुत्र वाद बना कारण

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।





रविवार को थाना स्टेशन गंज मे मृतक के परिजनों द्वारा दादा महाराज के समीप शव को हाईवे पर रखकर हंगामा शुरू कर दिया गया जिससे हाईवे के दोनो तरफ लंबा जाम लग गया जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा और परिजनों को समझाइश देकर हाइवे से जाम को हटाया गया। आवागमन भी घंटो बाधित रहा। पुलिस ने परिजनों को जांच कर ठोस कार्रवाई करने का आश्वासन देकर जाम को हटाने की बात कही गई। पुलिस के आश्वासन के बाद परिजनों ने सहयोग करते हुए जाम हटाया गया। वही पुलिस मामले के गंभीरता के साथ जांच मे जुट गई है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त घटना पूर्व से जुड़े मामले से भी संबंध है। अब देखना होगा कि पुलिस की जांच मे क्या सामने आता है।

### मामला इस प्रकार

बीते दिवस निजी गैस एजेंसी में काम करने वाले दो कर्मचारियों के बीच आपस मे विवाद हुआ जिसमें जमकर मारपीट की गई। उक्त घटना से आहत होकर दशरथ रजक उम्र 45 वर्ष निवासी पांजरा थाना स्टेशनगंज ने जहर खा लिया। जिसे परिजनों द्वारा उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर हालत गंभीर होने के कारण डाक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर रेफर कर दिया। इलाज के दौरान दशरथ की मौत हो गई। मौत के बाद गुस्साए परिजनों ने नेशनल हाईवे 44 पर चक्का जाम लगा दिया। पुलिस को जाम हटाने में बड़ी मशक्कत करनी पड़ी, लगभग 2 घंटे की जद्दोजहद के बाद पुलिस ने जब समझाईश दी तब जाकर गुस्साए परिजन जाम खोलने पर राजी हुए। परिजनों की माँग थी कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाए और उन्हें सरकारी मदद दी जाए।

### परिवार का गया सहारा

परिजनों का आरोप है कि दशरथ के साथ मारपीट की गई और उसे जहर खिला दिया गया उन्हें न्याय दिलाया जाए। अंकित रजक मृतक का पुत्र कहना कि हमारे परिवार का गुजारा इनकी मेहनत मजदूरी से होती थी आज पूरे परिवार का सहारा छिन गया है हमे न्याय चाहिए। ओम प्रकाश रजक अध्यक्ष रजक समाज ने कहा की हमारे समाज के सीधे साधे व्यक्ति के साथ यह घटनाक्रम होने से सामाजिक क्षति के साथ परिवार का भरण पोषण करने वाला व्यक्ति नहीं रहा पूरा समाज दशरथ की मौत पर आक्रोशित है न्याय नहीं मिला तो समाज आगे कदम उठाएगा। ज्ञात हो कि दशरथ रजक की जहरीली वस्तु के सेवन से मौत हुई है। जिसे लेकर परिजनों द्वारा हाइवे जाम कर न्याय की मांग करते हुए प्रदर्शन किया गया।

### पुत्र वाद बना घटना का कारण

उक्त मामले को लेकर सौरभ पटेल थाना प्रभारी स्टेशनगंज द्वारा बताया गया कि उक्त घटना के बाद बद्री ठाकुर को थाने लाया गया जहां पर पूछताछ की जा रही है जांच पड़ताल के बाद अधिकारियों के निर्देशन में आगे की कार्रवाई की जावेगी। बद्री ठाकुर व दशरथ रजक के बीच पूर्व मे कोई विवाद नही हुआ था लेकिन पूर्व की घटना मे मृतक के पुत्र अंकित रजक व बद्री ठाकुर के भांजे महेन्द्र ठाकुर के बीच विवाद था जिस पर अंकित पर प्रकरण भी पंजीबद्ध है। इसी बात को लेकर दोनो के बीच बातचीत हुई और मामला इतना बढ़ गया कि मारपीट भी हो गई उसके बाद मृतक ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस घटना को लेकर गंभीरता के साथ जांच कर रही है। स्टेशन गंज थाना प्रभारी ने स्थिति को समझते हुए परिजनों को आश्वासन दिया कि गंभीरता से निष्पक्ष जांच होगी और दोषियों पर कठोर कार्रवाई होगी तब जाकर परिजनों ने जाम हटाने की सहमति दी।

### इनका का कहना है

मामले की सूक्ष्मता से जांच की जा रही है, आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर किया जाएगा।

**मनोज गुप्ता**
**एसडीओपी नरसिंहपुर**

# पिच्छिका परिवर्तन समारोह सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।



चौमासा रत त्रय मुनिराजों का भव्य पिच्छिका परिवर्तन समारोह स्थानीय कंदेली स्थित जैन मंदिर जी में आयोजित किया गया। उक्त अवसर पर मुनि निरूपम सागर महाराज जी ने अपने आर्शीवचन में कहा की पिच्छिका का लेना -देना एक मिनिट में हो जावेगा। परंतु श्रावक द्वारा नियम ओर संयम जीवन भर पालन करना होता है वही श्रावक का सर्वोत्तम गुण होगा। पिच्छिका जीव दया व नियम समिति का पालन कराती है पिच्छिका सम्यक दर्शन,सम्यक ज्ञान,सम्यक,चारित्र का संकलन है उसे रत्नात्रय के धारक ही धारण करते हैं। मुनि निर्लोप सागर महाराज जी ने अपने आर्शीवचन में बताया कि धर्म की नींव व शिखर अहिंसा पर टिकी है गृहस्थ श्रावक पूरी तरह से हिंसा का त्याग नहीं कर पाते हैं, सारे रसों में करूणा रस सबसे महान होता है जिसके आगे सारे रस नतमस्त होते हैं सर्व संकटों में धर्म संकट महा विकट होता है। पिच्छिका एक वर्ष तक संयम का पालन कराती है पिच्छिका परिवर्तन के उपरांत अब आगे का संयम धर्म पालन हेतु पिच्छिका परिवर्तन समारोह किया जाता है नव ग्रह जिनके पक्ष में न हो वे नवकार मंत्र का जाप करें,,दो आंखे देखने के अलावा रोने के काम आती है। मुनि निर्दोष सागर महाराज जी ने आर्शीवचन में सूक्ष्म से सूक्ष्म जीव प्रकृति में हुआ करते हैं। जिन्हें आंखों से नहीं देखा जा सकता है तब उनकी रक्षा के लिये मोर पंखों से बनी पिच्छिका रत्नात्रय धारियों को आवश्यक होती है यह पिच्छिका त्रिकाल देव वंदना सामायिक आदि के लिये आवश्यक होती है दिगम्बर मुनि बिना पिच्छिका के सात कदम से ज्यादा गमन नहीं कर सकते।उनके लिये पिच्छिका की आवश्यकता होती है बिना पिच्छिका के दिगम्बर मुद्रा में यदि कोई मुनि गमन करता है तो उसे पागल मान लिया जाता है इसलिये मुनिराजों को मयूर पंख की पिच्छिका अनिवार्य होती है प्राय पिच्छिका में लगे मयूर पंख कठोरता को प्राप्त कर लेते हैं तब इसे परिवर्तन करने की आवश्यकता होती है प्राय कार्तिक माह में मयूर अपने पंखों का अपनी इच्छा से त्याग कर देता है, जैसे बसंत रितु में वृक्ष अपने पुराने पत्तों का त्याग कर देता है मयूर के त्याग किये गये पंखों से नयी पिच्छिका बनायी जाती है ओर पिच्छिका परिवर्तन कार्तिक माह में ही किया जाता है नयी पिच्छिका जैन श्रावकों ने त्रय मुनिराजों को अलग-अलग नयी पिच्छिका समर्पित की जिस पिच्छिका को मुनि निर्दोष सागर जी ने अपने अनुज द्वय निर्लोभसागर एवं निरूपम सागर महाराज जी को संयम धर्म की रक्षा हेतु सौंपी, ओर द्वय मुनिराजों ने अपने अग्रज मुनि निर्दोष सागर महाराज को नयी पिच्छिका भेंट की, मुनि निरूपम सागर महाराज जी की पुरानी पिच्छिका लेने का सौभाग्य उनके गृहस्थ जीवन के भैया - भाभी संतोष सुनीता जैन परिवार जन जबलपुर वालों को प्राप्त हुआ। इसी क्रम में निर्लोभसागर महाराज जी की पुरानी पिच्छिका लेने का सौभाग्य उनके गृहस्थ जीवन के परिवार जन सुमेर चंद बडकुल तारादेही को प्राप्त हुआ। मुनि निर्दोष सागर महाराज की पुरानी पिच्छिका लेने का सौभाग्य एड.सिंघई आदित्य सारिका जैन को प्राप्त हुआ इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से श्रावकों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।



# पं. जवाहर लाल नेहरू को दी पुष्पांजलि

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

विगत दिवस देश के प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू जयंती 14 नवम्बर बाल दिवस के अवसर पर एम. आई. एम. टी. कॉलेज में पुष्पांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के चेयरमेन इंजी. रूद्रेश तिवारी ने पं. नेहरू के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए देश के विकास में उनके योगदान को रेखांकित किया। प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग ने स्वतंत्रता संग्राम में पं. नेहरू की भूमिका तथा स्वतंत्र भारत में विकसित एवं समृद्ध राष्ट्र की परिकल्पना पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन करते हुए मेजर डॉ. पराग नेमा ने पं. नेहरू की प्रसिद्ध रचना डिस्कव्हरी ऑफ इंडिया का उल्लेख करते हुए पं. नेहरू के साहित्यिक एवं ऐतिहासिक पक्ष को उल्लेखित किया। इस अवसर पर जिले के प्रसिद्ध बांसुरी वादक गोपाल दास विश्वकर्मा गोटेगॉव द्वारा सुमधुर बांसुरी वादन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. एस. एन. राव, श्रीमती अनीता रघुवंशी, डॉ. दीपिका शर्मा, जी. डी. उमरे, एन. एस. एस. कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती आराधना दुबे सहित स्टॉफ मेम्बर्स एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।



# बाल दिवस पर विविध प्रतियोगिताएं आयोजित

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

विगत दिवस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुराछ में बाल दिवस मनाया गया। बाल मेले का शुभारंभ प्राचार्य विभा दुबे द्वारा किया गया। बालमेले में नन्हें - मुन्हें ननिहालों द्वारा अनेक प्रकार की दुकानें लगाई गई। साथ ही खेलकूद प्रतियोगिताएं जैसे बोरा दौड़, चम्मच दौड़, कुर्सी दौड़ आयोजित की गई, साथ ही विजेता छात्रों को पुरस्कृत किया गया। तेजस्वी प्रभारी जय सोनी के निर्देशन में बच्चों ने कम लागत में अधिक लाभ को लेकर अनेक सामग्री तैयार कर स्वावलंबी बनने के गुण सीखें। भगवान बिरसा मुंडा ने राष्ट्रीय चेतना जागृत करने के जो प्रयास किए उस पर शिक्षकों और बच्चों द्वारा प्रकाश डाला गया । कार्यक्रम में विक्रम शर्मा, रश्मि जाट, योगेश बस्तवार, सीताराम पटेल, अमित दुबे, निशा अग्निहोत्री, शैलेन्द्र झारिया, पी एस राजपूत, अरवेन्द दुबे, संजुलता खरे, विनोद कहार, रमेश डहरिया, दुर्गेश साहू, गोधन यादव, ऊषा पचैरी, वंदना चौरसिया, दिनेश पटेल, चांदनी सोनी, हेमलता कौरव, प्रियंका विश्वकर्मा एवं रिया सेन उपस्थित रही। कार्यक्रम का संचालन दिनेश कुमार पटेल एवं आभार प्रदर्शन रश्मि जाट ने किया।

# वीर हनुमाना अति बलवाना

गोटेगांव श्रीधाम



श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर मे बजरंग सेना नर्मदाखंड महाआरती समिति के तत्वाधान में रामभक्त हनुमान जी की महाआरती पं दीपक तिवारी जी के आचार्यत्व में पूर्ण वैदिक मंत्रोच्चारण व विधि विधान के साथ कछेदी पटेलद्वारा पूजन अर्चन किया गया संकट मोचन जी को लड्डूओ का भोग अर्पित कर भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालु जनों द्वारा सामूहिक रूप से श्री राम स्तुति,श्री हनुमान चालीसा,श्री हनुमान जी की महाआरती का गायन किया गया गौरतलब है कि श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर महाआरती समिति द्वारा प्रत्येक शनिवार को संकट मोचन जी की संगीतमय महाआरती विगत 5वर्षों से भी अधिक समय से एवं 309 वें सप्ताह से निरंतर जारी हे साप्ताहिक संगीतमय महाआरती के पश्चात समिति की भजन मंडली के सदस्यों द्वारा सामूहिक रूप से भजनों की अनुपम प्रस्तुति की गई जिसमें धर्मेंद्र चौबे, सुशील दुबे कमल स्वामी विद्याचरण पाराशर मुकेश सोनी राजेश चौकसे पंकज नोरिया विजेंद्र ठाकुर एवं सहयोगियों के द्वारा महाआरती संपन्न हुईइस अवसर पर इनकी रही उपस्थिति नर्मदा प्रसाद गुप्ता रघुनाथ राय दीपक सराठे मनोज नामदेव दीपक सोनी नीरज नेमा मुकेश ठाकुर बसंत दुबे मनीष साहू निहाल अग्रवाल मुकेश चढार विनोद साहू कमलेश पटेल प्रभु दयाल उपाध्याय सुरेश पटेल नरेश दुबे तनिश साहू ब्रजेश श्रीवास्तव बटुक सेवक अक्षत सराठे अनुज ठाकुर मातृशक्ति से स्नेहलता श्रीवास्तव नंदिनी जौहरीमंजुला गुप्ता गीता पचौरी निशा पचौरी संगीता चौबे भारती पटेल श्रीमती पुष्पा गुप्ता प्रीति पचौरी लीलावती पटेल एवं नन्हे मुन्ने बच्चों की उपस्थित रही

## संस्कार भारती केएनटी पब्लिक हाईस्कूल में बाल दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन



गोटेगांव ।

संस्कार भारती केएनटी पब्लिक हाईस्कूल गोटेगांव में बाल दिवस पर विभिन्न प्रेरक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 14 नवंबर को बाल दिवस कार्यक्रम पूरी गरिमा और उल्लास के साथ मनाया गया। यह दिन बच्चों के प्रिय चाचा पंडित जवाहरलाल नेहरू को समर्पित रहा, जिनका विश्वास था कि—"बच्चे देश का भविष्य नहीं, बल्कि वर्तमान हैं, जिन्हें सही मार्गदर्शन और प्रेम की सबसे अधिक आवश्यकता होती है।"इसी प्रेरणास्पद को केंद्र बिंदु मानकर विद्यालय ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें छात्रों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और अनुशासित रूप में कार्यक्रम को गौरवशाली बनाया।कार्यक्रम में बच्चों ने लोक नृत्य, प्रेरक नाटिकाएँ, देशभक्ति एवं शैक्षणिक विषयों पर आधारित विशेष प्रस्तुतियाँ देकर दर्शकों अभिभावकों को आकर्षित किया। प्रत्येक प्रस्तुति में अनुशासन, अभ्यास और आत्मविश्वास स्पष्ट दिखाई दिया।विद्यालय की छात्रा मानसी लोधी को राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में विजयी होने पर मंच पर सम्मानित किया गया। उसकी उपलब्धि ने विद्यालय का गौरव बढ़ाया और अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी।मुख्य अतिथि ने अपने संदेश में कहा—विद्यालय न केवल शिक्षा देता है, बल्कि बच्चों में संस्कार, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का कार्य भी बेहतरीन तरीके से कर रहा है। यही इस संस्थान की वास्तविक पहचान है।"विद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट, मेडल एवं जलपान वितरित किए गए।कार्यक्रम के सफल संचालन में प्रबंधक श्रीमती श्वेया उपाध्याय और प्रधानाचार्या श्रीमती सोनपाली मैम का सराहनीय योगदान रहा।प्रधानाचार्या ने कहा—"हमारा लक्ष्य प्रत्येक बच्चे के अंदर छिपी प्रतिभा को पहचानना और उसे जीवन के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के योग्य बनाना है।"बाल दिवस कार्यक्रम विद्यालय की समर्पित शिक्षण पद्धति और विद्यार्थियों की अद्भुत प्रतिभा का प्रतीक बनकर सभी के लिए यादगार साबित हुआ।इस मौके पर विद्यालय स्टाफ सहित अभिभावकों की गरिमामयी मौजूदगी रही।

## रचना पाठ एवं शामे ग़ज़ल का हुआ आयोजन

# गजलकारों ने प्रस्तुत की गजलें



**तेंदूखेड़ा** मध्य प्रदेश उर्दू अकादमी संस्कृति परिषद संस्कृति विभाग के तत्त्वावधान में ज़िला अदब गोशा नरसिंहपुर के द्वारा सिलसिला के तहत रचना पाठ एवं शामे ग़ज़ल का आयोजन आज़ाद पैलेस तेंदूखेड़ा में ज़िला समन्वयक अनीस शाह के सहयोग से किया गया ।जिसमें ज़िले के अंतर्गत आने वाले सभी गांवों तहसीलों एवं बस्तियों के ऐसे स्थापित शायर एवं साहित्यकारों ने अपनी प्रस्तुति दी । इस कार्यक्रम में अरविन्द सिंह कल्प धर्मेन्द्र आज़ाद ज्योति श्रीवास्तव डॉ. ए.के. सोनी 'मौलिक' लखन डेहरिया योगेन्द्र सिंह योगी सतीश तिवारी सरस शेख़ जाफर ज़ाफ़र प्रगति पटेल अंशु, ख़लील करेलवी नंदकिशोर शर्मा सचिन नेमा प्रमुख रुप से शामिल रहे । इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर के प्रतिष्ठित कमलेश पुजारी वरिष्ठ चिकित्सक डा प्रकाश जैन राजेश राय सीताराम पुजारी नारायण दास महंत श्रीकांत गुप्ता पार्षद रुपम मनकेडी वाले तथा ओमप्रकाश राय प्रमुख रुप से मंचाशीन रहे। सरस्वती पूजन और स्वागत की औपचारिकता के साथ मुशायरा शुरू हुआ। जिसमें उपस्थित साहित्य कारों ने अपनी अपनी रचनाएं गजले प्रस्तुत की।गोष्ठी के पश्चात शामे ग़ज़ल का आयोजन होगा जिसमें नरसिंहपुर के प्रसिद्ध ग़ज़ल गायक मनीष शुक्ला अपने साथियों के साथ ग़ज़लों की प्रस्तुति दी।इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में रसिक श्रोता उपस्थित रहे।